sp; Need to set up a branch of Allahabad University or Banaras Hindu University and Institute of Technical Education in Kaushambi district, Uttar Pradesh.

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी) ः मेरे लोक सभा क्षेत्र कौशाम्बी अंतर्गत जनपद कौशाम्बी का सृजन 4 अप्रैल, 1997 को इलाहाबाद जनपद से 3 तहसीलें को अलग कर किया गया। यह जनपद आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है तथा विकास से कोसों दूर है। खासकर शिक्षा के क्षेत्र में अति पिछड़ा है। कौशाम्बी जनपद इलाहाबाद से अलग होने से सभी शिक्षण संस्थान इलाहाबाद में चले गये। हमारे संसदीय क्षेत्र के जनपद कौशाम्बी में एक भी राजकीय डिग्री कालेज, तकनीकी संस्थान एवं कृषि विद्यालय न होने से छात्र-छात्राओं को शिक्षण कार्य हेतु दूरदराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है जिससे काफी कठिनाई होती है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र कौशाम्बी (उत्तर प्रदेश) के जनपद कौशाम्बी में उच्च शिक्षा हेतु इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कोई शाखा, संस्थान या कृषि शिक्षा हेतु वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय की शाखा, संस्थान अथवा तकनीकी शिक्षा हेतु कोई भारत सरकार का संस्थान खोलने की कृपा की जाए।